आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 23.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रानीखेत में स्थानीय लोगों से 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान का फीडबैक लिया।
- प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 140 असिस्टेंट प्रोफेसरों को मिली तैनाती।
- टिहरी जिले के माध्यमिक स्कूलों को डिजिटल रूप से सुदृढ़ बनाने की पहल।
- हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

<u>मुख्यमंत्री फीडबैक</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा जिले के दो दिवसीय दौरे के दौरान आज सुबह रानीखेत में स्थानीय लोगों से चाय पर चर्चा कर 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान का फीडबैक लिया। लोगों ने अभियान की सराहना करते हुए इसे जन समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में एक प्रभावी पहल बताते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से शासन और जनता के बीच विश्वास, संवाद और सहभागिता और अधिक सशक्त हो रही है। इस पहल से सरकार सीधे आमजन से जुड़कर उनकी समस्याओं को समझ रही है और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने दिल्ली से आए पर्यटकों से भी मुलाकात की और उनके शीतकालीन यात्रा अनुभवों को जाना। पर्यटकों ने जिले की प्राकृतिक सुंदरता, शांति और व्यवस्थाओं को लेकर दिए गए सकारात्मक फीडबैक दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फीडबैक हमें जनहित में सतत रूप से कार्य करने की प्रेरणा देता है।

<u>असिस्टेंट प्रोफेसर तैनाती</u>

राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से विभिन्न संकायों में चयनित 140 असिस्टेंट प्रोफेसरों को प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में तैनाती दे दी गई है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने चयनित असिस्टेंट प्रोफेसरों के तैनाती प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही इन चयनित संकाय सदस्यों को प्रदेश के विभिन्न राजकीय मेडिकल कॉलेजों में प्रथम तैनाती दे दी गई है। मेडिकल कॉलेजों में मानकों के अनुरूप प्रत्येक संकाय में फैकल्टी की तैनाती से न केवल मेडिकल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी बल्कि प्रशिक्षण और शोध कार्यों को भी गति मिलेगी। साथ ही मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ़ होगी, जिससे वहां आने वाले रोगियों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा को उच्च मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। इसके लिये राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

छात्र/ए.आई

बागेश्वर जिले में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। जिसमें वज्यूला क्षेत्र के 40 छात्र–छात्राओं को एक संस्थान में शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्रों को ए.आई तकनीक की बुनियादी समझ से लेकर उसके व्यावहारिक उपयोगों के बारे में विस्तार से बताया गया। ए.आई प्रशिक्षक पवन मेहता ने कहा कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हर क्षेत्र में आवश्यक होने वाली है। अगर बच्चों को अभी से इसकी जानकारी दी जाए, तो वे तकनीक के साथ आगे बढ़ सकेंगे।

भ्रमण में शामिल छात्रा आशु पांडे ने कहा कि संस्थान में उन्हें एआई, कोडिंग और नई तकनीकों की बेहतर जानकारी दी गई।

सहकारिता मेला

देहरादून में आज से सहकारिता मेला शुरू हो रहा है। मेले की तैयारियों को लेकर सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मेले में गांवों के शुद्ध जैविक उत्पाद, पारंपरिक हस्तशिल्प और क्षेत्रीय व्यंजनों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह मेला स्थानीय कारीगरों और किसानों की मेहनत को करीब से जानने और उन्हें प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। डॉ. रावत ने सभी से 'सहकार से समृद्धि' के इस उत्सव में सहभागिता करने का आह्वान किया।

इंटरनेट कनेक्टिविटी

टिहरी जिले के माध्यमिक स्कूलों को डिजिटल रूप से सुदृढ़ बनाने की पहल शुरू की गई है। इस संबंध में जिलाधिकारी नीतिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्कूलों में इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के 170 छात्रों को जेईई की ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जा रही है, लेकिन छात्रों को नेटवर्क कनेक्टिविटी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने छात्रों को सुचारू और मजबूत इंटरनेट नेटवर्क उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी समीक्षा

हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला योजना और राज्य सेक्टर केंद्र पोषित योजनाओं की निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले में अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों से तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने वन विभाग और राजाजी नेशनल पार्क के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वन भूमि क्षेत्र के तहत तो भी अतिक्रमण किया गया है, उनको नियमानुसार हटाने की जल्द से जल्द से कारवाई करें। जिलाधिकरी ने जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए भी सभी अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए।

जन जन की सरकार

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल "जन जन की सरकार, जनता के द्वार" अभियान के तहत चमोली जिले के देवाल विकासखंड के सभागार में एक बहुउद्देशीय जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों की दर्ज 60 शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के त्वरित प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर थराली के विधायक भूपाल राम टम्टा ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से आम जनता को न्याय पंचायत स्तर पर ही सरकारी सेवाओं और समस्याओं के समाधान का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह प्रयास प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम कर रहा है। साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत कर रहा है। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन भी दिया।

रिज़र्व बैंक

रिज़र्व बैंक ने कहा है कि वित्त वर्ष 2025–26 की दूसरी तिमाही में घरेलू मांग में मजबूती के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में पिछली छह तिमाहियों में सबसे तेज़ वृद्धि हुई है। जुलाई से सितंबर के बीच अर्थव्यवस्था में वृद्धि दर छह तिमाहियों में सबसे अधिक आठ दशमलव दो प्रतिशत रही। पिछली तिमाही में यह सात दशमलव आठ प्रतिशत थी।